## भाग – अ
## मानसिक योग्यता

**1.** निम्न में से कौनसी संख्या सबसे छोटी है?

**(A)** $\frac{7}{3}$ **(B)** $\frac{13}{7}$ **(C)** $\frac{5}{6}$ **(D)** $\frac{12}{13}$

**2.** शब्दों की विषम जोड़ी को चुनिये –

**(A)** गाय : बछड़ा **(B)** कुत्ता : कुतिया **(C)** शेर : शावक **(D)** कछुआ : कुर्म (Turtle)

**3.** 'M' P का बेटा है। Q, O की पोती है, जो P का पति है, तो 'M' का 'O' से क्या रिश्ता है?

**(A)** पुत्र **(B)** पुत्री **(C)** माता **(D)** पिता

**4.** दिए गए विकल्पों में से कौनसा विकल्प विषम है?

**(A)** हॉकी : स्टेनले कप **(B)** बैडमिन्टन : विजय हजारे कप

**(C)** क्रिकेट : आई पी एल **(D)** फुटबॉल : फीफा

**5.** समूह की अन्य संख्याओं से भिन्न संख्या का चयन कीजिए –

**(A)** 244 **(B)** 324 **(C)** 352 **(D)** 136

**6.** यदि शब्द BREAK को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित किया जाये तो कितने वर्णों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा।

**(A)** एक **(B)** तीन **(C)** दो **(D)** कोई नहीं

**7.** छः मित्र A, B, C, D, E, F केंद्र की ओर मुँह करके एक वृत्त में खड़े हैं। B, F और C के बीच में है। A, E और D के बीच में है, और F, D के एकदम बाएं है। A और F के बीच में कौन है?

**(A)** D **(B)** E **(C)** C **(D)** B

**8.** D का एक भाई A है। D पुत्र है P का। B पिता है P का। सम्बन्ध के सन्दर्भ में A क्या है B का?

**(A)** दादाजी **(B)** पोता **(C)** भाई **(D)** पुत्र

**9.** चार खिलाड़ी P, Q, R और S एक खेल के मैदान में इस प्रकार खड़े हैं कि Q, P के पूर्व में है। R, P के दक्षिण में और S, P के उत्तर में है। S, Q की किस दिशा में खड़ा है?

**(A)** उत्तर **(B)** दक्षिण **(C)** उत्तर–पश्चिम **(D)** दक्षिण–पूर्व

**10.** किसी तख्त पर पाँच मित्र A, B, C, D और E इस प्रकार बैठे हैं कि –

(a) C, A के निकटतम बायें बैठा है

(b) B, A और D के दायें बैठा है

(c) E, C और A के बायें बैठा है

बीच में कौन बैठा है?

**(A)** C **(B)** D **(C)** A **(D)** B

**11.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द चिन्हित कीजिए –

फिल्म : निर्देशक :: पत्रिका : ?

**(A)** प्रकाशक **(B)** लेखक **(C)** सम्पादक **(D)** पाठक

**12.** एक परिवार में P, Q की पुत्री है और Q, R की माता है R, T का पिता है तो P, T से किस प्रकार सम्बन्धित है?

**(A)** बुआ/मौसी **(B)** माता **(C)** बहन **(D)** दादी/नानी

**13.** निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोष में दिये गये क्रम के अनुसार लिखें –

(1) Critical (2) Criterion (3) Crisis (4) Crisp

**(A)** 3, 4, 2, 1 **(B)** 1, 3, 4, 2 **(C)** 3, 4, 1, 2 **(D)** 4, 3, 1, 2

**14.** निम्नलिखित अक्षर श्रेणी में रिक्त पद कौनसा होगा?

$\frac{A}{4}, \frac{D}{9}, \frac{H}{15}, \frac{M}{22}, ?$

**(A)** $\frac{R}{30}$ **(B)** $\frac{S}{30}$ **(C)** $\frac{Q}{31}$ **(D)** $\frac{Q}{30}$

**15.** अपने घर से R उत्तर की तरफ 15 कि.मी. गया। उसके बाद वह पश्चिम की ओर मुड़ा तथा 10 कि.मी. पूरे किये। उसके बाद वह दक्षिण की ओर मुड़ा तथा 5 कि.मी. पूरे किये। अन्त में पूर्व की ओर मुड़ते हुए उसने 10 कि.मी. पूरे किए। वह अपने घर से किस दिशा में है?

**(A)** पूर्व **(B)** पश्चिम **(C)** दक्षिण **(D)** उत्तर

**16.** चार शब्द दिए गये हैं जिनमें से तीन एक जैसे हैं और चौथा भिन्न है। विषम का चयन कीजिए –

**(A)** मजदूरी **(B)** मानदेय **(C)** जेबखर्ची **(D)** वेतन

**17.** निम्न के लिए सही उपमान है –

दवाई : बीमारी :: पुस्तक : ?

**(A)** ज्ञान **(B)** अध्यापक **(C)** लेखक **(D)** सम्पादक

**18.** ANCIENT संबंधित है MODERN से, उसी प्रकार ABUNDANT संबंधित है –

**(A)** Plentiful **(B)** Ample **(C)** Scarce **(D)** Bountiful

**19.** निम्नलिखित श्रृंखला को पूरा करें –

6, 12, 36, 144, 720, .........?

**(A)** 4320 **(B)** 2843 **(C)** 8249 **(D)** 6825

**20.** प्रश्न चिन्ह के स्थान पर लुप्त शब्द चुनें।

तेल : स्नेहन :: पानी : ?

**(A)** जल–योजन **(B)** प्यास **(C)** पेय **(D)** वर्षा

**21.** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर कौनसा विकल्प आएगा?

EGK, HJN, ?, NPT, QSW

**(A)** KMQ **(B)** QMK **(C)** QKM **(D)** LMC

**22.** संख्या श्रृंखला –

श्रृंखला में अज्ञात अंक का पता कीजिए –

3, 6, 11, 18, ?

**(A)** 22 **(B)** 23 **(C)** 24 **(D)** 27

**23.** लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए –

| | | |
|---|---|---|
| 15 | 12 | 90 |
| 16 | 13 | 104 |
| 12 | 18 | ? |

**(A)** 129 **(B)** 100 **(C)** 119 **(D)** 108

**24.** प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?
प्रवाह : नदी :: स्थिर : ?

**(A)** तालाब **(B)** महासागर **(C)** समुद्र **(D)** बाँध

**25.** एक समान शब्द चुनिये –
मटर : चना :: दालें : ................

**(A)** चावल **(B)** जौ **(C)** फलियाँ **(D)** नारियल


**26.** B, A का पति है। B, C का पिता है। D, A का पुत्र है। D का C से क्या सम्बन्ध है?

**(A)** पत्नी **(B)** पति **(C)** बहन **(D)** भाई

**27.** निम्नलिखित में से सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

**(A)** $-\frac{12}{19}$ **(B)** $-\frac{27}{13}$ **(C)** $-\frac{56}{28}$ **(D)** $-\frac{3}{14}$

**28.** रिक्त स्थान को भरिये –




**(A)** 1 **(B)** 9 **(C)** 12 **(D)** 17

**29.** 1 लीप वर्ष में कितने विषम दिन होते हैं?

**(A)** 1 **(B)** 4 **(C)** 2 **(D)** 3

**30.** निम्न में से कौनसा दूसरों से सम्बन्धित नहीं है?

**(A)** राजस्थान **(B)** पंजाब **(C)** बिहार **(D)** दिल्ली

**31.** श्रृंखला को ध्यान से देखिये –

$7\frac{1}{7}, 8\frac{2}{6}, 9\frac{5}{5}, 12\frac{2}{4}, 16\frac{2}{3}, ?$

अगला श्रृंखला नम्बर क्या होगा?

**(A)** $35\frac{3}{4}$ **(B)** $16\frac{4}{4}$ **(C)** $\frac{50}{2}$ **(D)** $15\frac{2}{4}$

**32.** लुप्त को ज्ञात कीजिए –
2B, 4C, 8E, 14H ...............?

**(A)** 16K **(B)** 20I **(C)** 20L **(D)** 22L





33. निम्नलिखित में से कौनसा अन्य से संबंधित नहीं है?

(A) एयर कंडीशनर (B) हेयर ड्रायर (C) कैलकुलेटर (D) जनरेटर

34. 31 दिनों के महीने में तीसरा गुरुवार 16 तारीख को पड़ता है। तो महीने का आखिरी दिन क्या होगा?

(A) पाँचवा शुक्रवार (B) चौथा बुधवार (C) चौथा शनिवार (D) पाँचवा गुरुवार

35. एक आकृति अन्य के समान नहीं है। भिन्न आकृति का चयन कीजिए –

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

36. उमेश सतीश से लम्बा है। सुरेश लम्बाई में नीरज से छोटा किन्तु उमेश से लम्बा है। उनमें सबसे लम्बा कौन है?

(A) नीरज (B) सतीश (C) उमेश (D) सुरेश

37. एक निश्चित कूट भाषा में –


PARIS को लिखा जाता है NYPGQ

RUSSIA को लिखा जाता है PSQQGY

तो फिर 'CHINA' को उसी कूट भाषा में कैसे लिखा जाएगा?

(A) FALGY (B) QPGLY (C) AFGLY (D) NTGKY

38. दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए –



(A) 5 (B) 7 (C) 10 (D) 12

39. निम्न में से भिन्न का चयन करें –

(A) जनवरी, मई (B) अप्रैल, जून (C) जुलाई, अगस्त (D) जनवरी, दिसम्बर

40. ऑक्सीजन : जलना :: कार्बनडाइऑक्साइड : ...........

(A) अलग करना (B) बुझाना (C) झाग (D) विस्फोट

41. 4 से 5 बजे के बीच किस समय घड़ी की सुइयां विपरीत दिशा में होंगी?

(A) 4 बजकर $52\frac{2}{11}$ मिनट (B) 4 बजकर 42 मिनट

(C) 4 बजकर $54\frac{6}{11}$ मिनट (D) 4 बजकर 49 मिनट

42. एक संख्या का चयन कीजिए जो दिए गए समूह की संख्याओं के समरूप है –

दिया गया समूह : 363, 489, 579

(A) 382 (B) 471 (C) 281 (D) 562

43. कोडिंग : डिकोडिंग

यदि DOG = 4157, तो CAT = ?

(A) 3142 (B) 4143 (C) 3120 (D) 3221

44. A, B की माता है। B, C की बहन है। C, D का पिता है, तो A का D से क्या सम्बन्ध है?

(A) माता (B) दादी / नानी (C) बुआ / मौसी (D) बहन

45. यदि A का कोड 1, B का कोड 2 और C का कोड 3 और इसी क्रम में आगे भी लिखा जाता है तो "SUMAN" शब्द के अक्षरों के मान का योग होगा –

(A) 68 (B) 62 (C) 69 (D) 67

46. एक तस्वीर में एक आदमी की ओर इशारा करते हुए, एक महिला कहती है कि, "वह मेरे भाई के दादा के बेटे का बेटा है।" वह आदमी महिला से किस प्रकार संबंधित है?

(A) चाचा (B) पिता (C) भाई (D) साला

47. एक निश्चित कूट भाषा में –
LEFT को कूटबद्ध किया है 07 के रूप में
RIGHT को कूटबद्ध किया है 08 के रूप में
उसी कूटभाषा में STRAIGHT को कूटबद्ध किया जाएगा –

(A) 16 (B) 03 (C) 20 (D) 12


48. बेमेल को पहचानें।

(A) कोविड–19 (B) एचआईवी–एड्स (C) चेचक (D) कैंसर

49. दो मित्रों की आयु का अनुपात 7:9 है, जबकि 10 वर्ष बाद यह अनुपात 19:23 हो जाएगा। अब से 7 वर्ष बाद उनकी औसत आयु कितनी होगी?

(A) 33 वर्ष (B) 35 वर्ष (C) 36 वर्ष (D) 39 वर्ष

50. वेन आरेख के आधार पर निम्न में से असत्य कथन को ज्ञात कीजिए –




(A) कुछ ग्रेजुएट इंजीनियर हैं। (B) सारे ग्रेजुएट या तो इंजीनियर हैं या शिक्षक।

(C) कोई शिक्षक इंजीनियर नहीं है। (D) कुछ इंजीनियर ग्रेजुएट नहीं हैं।

## भाग–ब
## राजस्थान की सामान्य जानकारी

51. राजस्थान से संसद के कितने सदस्य चुने जाते हैं?
(A) 25 (B) 35 (C) 37 (D) 30

52. राजपूताना में मराठों के विरुद्ध 'हुरड़ा सम्मेलन' की अध्यक्षता किसने की?
(A) सवाई जयसिंह (B) जगत सिंह
(C) जोरावर सिंह (D) दुर्जन सिंह

53. ''ख्यात'' है –
(A) एक सामाजिक परम्परा (B) राजाओं का इतिहास
(C) एक बोली (D) एक काव्य

54. राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे?
(A) हीरालाल शास्त्री (B) जयनारायण व्यास
(C) टीकाराम पालीवाल (D) सी.एस. वैंकटाचारी

55. 2023 में हुए राजस्थान विधानसभा के चुनावों में कुल कितने प्रतिशत मतदान हुआ?
(A) 80.24 (B) 74.62 (C) 71.75 (D) 56.75

56. तोरावाटी निम्नलिखित में से किस बोली की उप–बोली है?
(A) वागड़ी (B) ढूँढाड़ी (C) हाड़ौती (D) मेवाती

57. राजस्थान में उस स्थान को पहचानिए, जहाँ इनलैंड कंटेनर डिपो <u>नहीं</u> है –
(A) जोधपुर (B) सीकर (C) भीलवाड़ा (D) भिवाड़ी

58. मंदिर और उसकी अवस्थिति – स्थल के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए –
(A) मंडलेश्वर मंदिर – अर्थुणा (B) सास–बहू का मंदिर – नागदा
(C) द्वारकाधीश मंदिर – कांकरोली (D) अंबिका माता मंदिर – तलवाड़ा

59. संत सुंदरदास पैनोरमा स्थित है –
(A) भरतपुर में (B) अलवर में (C) दौसा में (D) उदयपुर में

60. निम्न में से कौनसा युग्म गलत है?
(A) बिसलपुर बाँध – टोंक (B) माही बजाज सागर बाँध – डूंगरपुर
(C) राणा प्रताप सागर बाँध – चित्तौड़गढ़ (D) जाखम बाँध – प्रतापगढ़

61. राजस्थान के प्रसिद्ध चित्रकार को पहचानिए, जो भारत के संविधान के मूल दस्तावेज़ में किए चित्रांकनों के लिए जाने जाते हैं –
(A) राम गोपाल विजयवर्गीय (B) नरोत्तम नारायण शर्मा
(C) कृपाल सिंह शेखावत (D) श्रीलाल जोशी

62. निम्न में से कौनसी भेड़ की नस्ल नहीं है?
(A) सोनाड़ी (B) पुगल (C) जमुनापारी (D) मगरा

63. निम्न में से कौनसा लोक नृत्य पुरुषों द्वारा नहीं किया जाता है?
(A) अग्नि नृत्य (B) घुड़ला नृत्य (C) बम नृत्य (D) चंग नृत्य

64. किशनगढ़ शैली किस चित्रकला शैली की उपशैली है?
(A) मारवाड़ (B) मेवाड़ (C) ढूँढाड़ (D) हाड़ौती

65. राजस्थान में 1857 के विद्रोह का प्रारंभ कहाँ से हुआ था?
(A) एरिनपुरा (B) खेरवाड़ा (C) देवली (D) नसीराबाद

66. केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
(A) उदयपुर (B) सवाई माधोपुर (C) अलवर (D) धौलपुर

67. विश्व प्रसिद्ध 'अजरक प्रिंट' निम्नलिखित में से किस स्थान से संबंधित है?
(A) सांगानेर (B) बगरू (C) पाली (D) बाड़मेर

68. निम्नांकित में से कौन–सा तार वाला संगीत–वाद्य <u>नहीं</u> है?
(A) कमायचा (B) सतारा (C) रावणहत्था (D) सुरिंदा

69. राजस्थान का कौनसा जिला अनेक नदियों के प्रवाह के कारण 'सौ द्वीपों का क्षेत्र' के नाम से जाना जाता है?
(A) उदयपुर (B) कोटा (C) बाँसवाड़ा (D) डूंगरपुर

70. राजस्थान की कौनसी रियासत मराठों को 'चौथ' देने के लिए सर्वप्रथम सहमत हुई?
(A) मेवाड़ (उदयपुर) (B) जयपुर
(C) मारवाड़ (जोधपुर) (D) कोटा

71. 2011 के जनगणना आँकड़ों के अनुसार राजस्थान का उच्चतम साक्षरता दर वाला जिला है –
(A) जयपुर (B) झुंझुनूं (C) अलवर (D) कोटा

72. राजस्थान के निम्नांकित सांस्कृतिक स्थलों में से किस एक का संबंध बौद्ध मत से है?
(A) देवयानी (B) चारचौमा (C) कांसवा (D) कोलवी

73. "पिछवाई" चित्रकला कौनसी शैली से संबंधित है?
(A) किशनगढ़ शैली (B) मारवाड़ शैली
(C) शेखावटी शैली (D) नाथद्वारा शैली

74. वर्तमान में राजस्थान में कौनसी विधानसभा कार्यरत है?
(A) 14वीं (B) 15वीं (C) 16वीं (D) 17वीं

75. राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल होता है –
(A) 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो (B) 5 वर्ष या 62 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
(C) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो (D) 4 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

76. आर.एन.बी. इंफ्रास्ट्रक्चर्स नामक राजस्थान का विशेष आर्थिक क्षेत्र संबंधित है –
(A) ऊनी क्षेत्र से (B) हस्तशिल्प से
(C) सूचना प्रौद्योगिकी से (D) बहु–उत्पाद से

77. राजस्थान के किस किले को 'गढ़ बीठली' भी कहा जाता है?
(A) कुंभलगढ़ (B) मेहरानगढ़ (C) गागरोन (D) तारागढ़

78. राजस्थान में "लांगुरिया गीत" किससे संबंधित है?
(A) कैला देवी (B) मनसा देवी (C) जीण माता (D) करणी माता

79. कुंभलगढ़ एवं गोगुंदा के बीच का पठार कहलाता है –
(A) ऊपरमाल (B) लसाडिया पठार
(C) भोराट पठार (D) हाड़ौती पठार

80. निम्नांकित में से कौनसा स्थान संत जसनाथ जी से संबंधित नहीं है?
(A) गोरखमालिया (B) बांधोली (C) कतरियासर (D) मालासर

81. राजस्थान सतत विकास लक्ष्य सूचकांक 2024 में किस जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है?
(A) अलवर (B) टोंक (C) झुंझुनूं (D) भीलवाड़ा

82. राजस्थान के निम्नांकित संतों में से किसके शिष्य 'खालसा' कहलाते हैं?
(A) संत लालदास जी (B) संत दादू जी
(C) संत जांभो जी (D) संत चरणदास जी

83. राजस्थान में किस किसान आंदोलन के दमन को महात्मा गांधी ने 'दूसरी डायरशाही' कहा?
(A) बिजोलिया (B) बेगूँ (C) नीमूचाणा (D) सीकर

84. निम्न में से कौन 'राईज़िंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का इंडस्ट्री पार्टनर था?
(A) FICCI (B) RICCO (C) HUDCO (D) PWC India

85. अन्ता पावर परियोजना है –
(A) गैस आधारित
(B) लिग्नाइट आधारित
(C) परमाणु ईंधन आधारित
(D) तरल ईंधन आधारित

86. कार्तिक पूर्णिमा पर राजस्थान में कौनसा मेला/उत्सव मनाया जाता है?
(A) कजली तीज उत्सव
(B) बेणेश्वर मेला
(C) नागौर मेला
(D) पुष्कर मेला

87. संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति–शासन राजस्थान में कितनी बार लगाया गया है?
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5

88. निम्नांकित में से किसने भारत की संविधान–सभा में अजमेर–मेरवाड़ा का प्रतिनिधित्व किया?
(A) हरिभाऊ उपाध्याय
(B) बी.के. कौल
(C) के.एम. पणिक्कर
(D) मुकुट बिहारी लाल भार्गव

89. 'रम्मत' है –
(A) एक संगीत वाद्य (B) एक लोक संगीत (C) एक लोक कथा (D) एक लोक नाट्य

90. राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का वर्ष 2023-24 का 'राजस्थानी संस्कृति सम्मान' प्रदान किया गया है –
(A) तेज सिंह जोधा को
(B) मधु आचार्य को
(C) माधव हाड़ा को
(D) रेणुका व्यास को

91. किस मध्यकालीन इतिहासकार ने अपनी पुस्तक 'मुन्तखब उत तवारीख' में हल्दीघाटी–युद्ध का वर्णन किया है?
(A) मिन्हाज अल–सिराज
(B) बदायुनी
(C) अमीर खुसरो
(D) अबुल फज़ल

92. आभूषण 'सुरलिया' है, एक तरह का/की –
(A) गले का हार (B) कान की बाली (C) बिछुआ (D) चूड़ी

93. राजस्थान राजस्व मंडल की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?
(A) 1948 (B) 1956 (C) 1950 (D) 1949

94. राजस्थान के किस लोक देवता को ऊँटों के देवता के रूप में पूजा जाता है?
(A) तेजाजी (B) पाबूजी (C) हड़बूजी (D) रामदेव जी

95. राजस्थान सरकार की आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, राजस्थान में कितने विश्व धरोहर स्थल हैं?
(A) 5 (B) 7 (C) 9 (D) 11

96. संत हमीदुद्दीन नागौरी किस सूफ़ी सिलसिले से संबंधित थे?
(A) सुहरावर्दी सिलसिला
(B) नक़्शबंदी सिलसिला
(C) चिश्ती सिलसिला
(D) क़ादरी सिलसिला

97. 'थेवा कला' किस स्थान से संबंधित है?
(A) प्रतापगढ़ (B) बीकानेर (C) जयपुर (D) बाड़मेर

98. राजस्थान सेवा संघ की स्थापना किसने की थी?
(A) माणिक्य लाल वर्मा
(B) विजय सिंह पथिक
(C) जमनालाल बजाज
(D) चांदमल सुराणा

99. 'पन्ना मीना की बावड़ी' स्थित है –
(A) जयपुर में (B) दौसा में (C) अलवर में (D) गंगापुर में

100. गड़ीसर झील स्थित है –
(A) पाली में (B) जैसलमेर में (C) नागौर में (D) चूरू में

## भाग–स

## शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

101. अध्यापक कक्षा में अनुशासन बनाए रख सकता है यदि उसका व्यवहार –

(A) सामान्य हो (B) भेदभावपूर्ण हो (C) परिस्थितिजन्य हो (D) निष्पक्ष हो

102. आर्थिक रूप से वंचित छात्रों के प्रति शिक्षक की सामाजिक संवेदनशीलता को कौनसा कार्य दर्शाता है?

(A) उन्हें बिना उजागर किए विवेकपूर्ण ढंग से अतिरिक्त संसाधन प्रदान कराना

(B) उन्हें अपनी समस्याओं को कक्षा के सामने साझा करने के लिए कहना

(C) शर्मिंदगी से बचने के लिए उनकी जरूरतों को नजरअंदाज करना

(D) उन्हें कम चुनौतीपूर्ण कार्य देना

103. कौनसा गुण एक शिक्षक को परिवर्तनकारी नेता के रूप में अलग करता है?

(A) केवल शैक्षणिक परिणामों पर ध्यान देना

(B) छात्रों को उनकी अपनी अपेक्षाओं से अधिक करने के लिए प्रेरित करना

(C) पारंपरिक शिक्षण विधियों को बनाए रखना

(D) स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए जोखिम से बचना

104. सीखने का सर्वाधिक उपयुक्त उद्देश्य है –

(A) व्यवहार का परिमार्जन (B) सामाजिक एवं राजनैतिक जागरूकता

(C) व्यक्ति को रोजगार के लिए तैयार करना (D) पारिवारिक समायोजन

105. शिक्षक के लिए छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का सबसे प्रभावी तरीका क्या है?

(A) बहु–समाधान वाले खुले प्रश्न प्रदान करना

(B) अनुशासन बनाने के लिए दोहराव वाले कार्य सौंपना

(C) पाठ्यक्रम पर बिना विचलन के टिके रहना

(D) मानकीकृत परीक्षा की तैयारी पर ध्यान देना

106. कौनसी कक्षा गतिविधि रचनात्मक सोच को सबसे अच्छा बढ़ावा देती है?

(A) तथ्यों और आंकड़ों को याद करना

(B) मंथन (Brainstorming) सत्र

(C) पूर्व–निर्धारित उत्तरों वाली वर्कशीट पूरी करना

(D) बिना संवाद के व्याख्यान सुनना

107. विद्यार्थियों के लिए समयबद्ध परीक्षण कार्यक्रम स्कूलों में लागू किया जाना चाहिए ताकि –

(A) विद्यार्थियों की प्रगति के बारे में उनके माता–पिता को सूचित किया जा सके।

(B) एक नियमित अभ्यास किया जा सके।

(C) विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया जा सके।

(D) परिणामों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर उपचारात्मक कार्यक्रम को अपनाया जा सके।

108. एक शिक्षक को जटिल विषय शुरू करने पर छात्रों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ता है। उन्हें कौनसा योग्यता–आधारित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए?

(A) प्रतिरोध के बावजूद मूल योजना पर टिके रहना

(B) कक्षा में सामंजस्य बनाए रखने के लिए विषय छोड़ देना

(C) छात्रों की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करना और दृष्टिकोण समायोजित करना

(D) प्रयास की कमी के लिए छात्रों को डांटना

**109.** पाठ के दौरान एक छात्र के अपरंपरागत विचार पर शिक्षक को कैसे प्रतिक्रिया देनी चाहिए?

**(A)** पाठ योजना पर ध्यान बनाए रखने के लिए इसे खारिज करना

**(B)** पाठ्यपुस्तक के अनुसार तुरंत इसे ठीक करना

**(C)** इसकी संभावित क्षमता को जांचना और आगे विकास को प्रोत्साहित करना

**(D)** इसे नजरअंदाज करना और अगले विषय पर बढ़ना

**110.** जब एक सहकर्मी शिक्षक की शिक्षण विधियों पर सवाल उठाता है, तो शिक्षक का दृष्टिकोण क्या होना चाहिए?

**(A)** रक्षात्मक होना और प्रति–पुष्टि पर विचार करने से इनकार करना

**(B)** संघर्ष से बचने के लिए विधियों को पूरी तरह बदल देना

**(C)** सहकर्मी को अयोग्य मानकर खारिज करना

**(D)** रचनात्मक संवाद और आत्म–मूल्यांकन

**111.** विविध अधिगम गति वाली कक्षा को पढ़ाने में सबसे बड़ी चुनौती क्या है?

**(A)** सभी छात्रों को व्यस्त और प्रगति में रखना

**(B)** पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करना

**(C)** एकसमान गृहकार्य देना

**(D)** केवल उच्च प्रदर्शन करने वालों पर ध्यान देना

**112.** "एक विद्यार्थी कक्षा में बहुत प्रश्न पूछता है", आप क्या करेंगे?

**(A)** उसे डांटकर बैठा देंगे।

**(B)** उसे चेतावनी देंगे।

**(C)** उसकी उपेक्षा करेंगे।

**(D)** प्रश्न पूछने के लिए उसकी प्रशंसा एवं उसे प्रोत्साहित करेंगे।

**113.** कक्षा में दो–तरफा सम्प्रेषण को बढ़ावा देने के लिए सबसे अच्छा दृष्टिकोण कौनसा है?

**(A)** बिना रुकावट के व्याख्यान देना

**(B)** छात्रों के जवाबों को हाँ/नहीं प्रश्नों तक सीमित करना

**(C)** चर्चाओं और छात्रों के प्रश्नों को प्रोत्साहित करना

**(D)** मौखिक संवाद के बजाय लिखित कार्य सौंपना

**114.** शिक्षा तभी सार्थक होगी जब यह –

**(A)** पाठ्यचर्या केन्द्रित होगी

**(B)** समाज केन्द्रित होगी

**(C)** विद्यार्थी केन्द्रित होगी

**(D)** शिक्षक केन्द्रित होगी

**115.** शिक्षक की व्यावसायिक भूमिका में जवाबदेही को सबसे अच्छा कौनसा कार्य दर्शाता है?

**(A)** नियमित रूप से शिक्षण परम्पराओं पर चिंतन और समायोजन करना

**(B)** छात्रों की असफलता को प्रयास की कमी से जोड़ना

**(C)** पाठ्यक्रम का बिना विचलन के पालन करना

**(D)** जिम्मेदारियों को शिक्षण सहायकों को सौंपना

**116.** इनमें से कौनसा शिक्षक की व्यावसायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है?

**(A)** केवल पिछले अनुभव पर निर्भर रहकर पढ़ाना

**(B)** अनिवार्य होने पर कार्यशालाओं में भाग लेना

**(C)** सक्रिय रूप से प्रतिपुष्टि और नई शिक्षण रणनीतियों की तलाश करना

**(D)** अन्य शिक्षकों के साथ सहयोग से बचना

117. जब एक शिक्षक छात्रों के सामने गलती करता है, तो शिक्षक की सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया क्या होगी?
(A) गलती को स्वीकार करना और इसे सीखने के अवसर के रूप में उपयोग करना
(B) विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए गलती से इनकार करना
(C) संसाधनों या समय जैसे बाहरी कारकों को दोष देना
(D) इसे नजरअंदाज करना और जल्दी आगे बढ़ना

118. ''कक्षा में कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देना चाहिये'' इस कथन से आप –
(A) पूर्णतः सहमत हैं
(B) असहमत हैं
(C) लगभग सहमत हैं
(D) कुछ कुछ सहमत हैं

119. विद्यार्थियों के शिक्षण में अधिकतम प्रतिभागिता संभव है –
(A) परिचर्चा विधि द्वारा
(B) व्याख्यान विधि द्वारा
(C) श्रव्य–दृश्य साधनों द्वारा
(D) पाठ्यपुस्तक विधि द्वारा

120. एक शिक्षक को छात्रों की भागीदारी में लगातार कमी दिखाई देती है। इसे संबोधित करने के लिए उसे कौनसा दृष्टिकोण अपनाना चाहिए?
(A) छात्रों को प्रेरणा की कमी के लिए दोष देना
(B) इसे अस्थायी चरण मानकर नजरअंदाज करना
(C) अपनी विधियों पर विचार करना और सुधार की तलाश करना
(D) भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दंड में वृद्धि

121. कक्षा में शिक्षक की सामाजिक संवेदनशीलता का प्रमुख संकेतक क्या है?
(A) हर समय सख्त अनुशासन बनाए रखना
(B) छात्रों की भावनात्मक और सामाजिक जरूरतों के अनुसार शिक्षण विधियों को अनुकूलित करना
(C) पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान देना
(D) छात्रों के साथ व्यक्तिगत संवाद से बचना

122. यदि विद्यार्थी कक्षा में न आयें तो एक अध्यापक की हैसियत से आप –
(A) वास्तविकता की उपेक्षा करेंगे
(B) अध्यापन को रुचिकर तथा प्रभावी बनाने की कोशिश करेंगे
(C) विद्यार्थियों को दण्ड देंगे
(D) कारण समझेंगे तथा उसे दूर करेंगे

123. निम्नांकित में से कौनसा कार्य विद्यार्थियों को अंतःक्रिया के लिए अपेक्षाकृत अधिक स्वतन्त्रता प्रदान करता है?
(A) सिनेमा का उपयोग
(B) छोटे समूह में चर्चा
(C) विशेषज्ञ व्याख्यान
(D) दूरदर्शन पर विभिन्न देशों का कक्षाकक्ष कार्यक्रम देखना

124. एक शिक्षक के लिए शैक्षिक मनोविज्ञान का शैक्षिक निहितार्थ है –
(A) विद्यार्थियों को समझना
(B) विज्ञान के नियमों को कक्षा में लागू करना
(C) कक्षागत समस्याओं का समाधान करना
(D) स्वयं के व्यवहार में सुधार करना

125. शिक्षक द्वारा कक्षा में सांस्कृतिक विविधता को कैसे संभालना चाहिए?
(A) पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना सभी छात्रों के साथ एक जैसा व्यवहार करना
(B) मतभेदों को स्वीकार करना और सम्मान करना साथ ही समावेशन को बढ़ावा देना
(C) स्थिरता के लिए केवल प्रमुख संस्कृति पर ध्यान देना
(D) संघर्ष से बचने के लिए सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा न करना

**126.** आपके विद्यालय में दो अध्यापकों के मध्य झगड़ा हो जाता है तो आप क्या करेंगे?

**(A)** दोनों को इसके लिए फटकारेंगे।

**(B)** झगड़े का कारण जानकर उनमें सुलह कराने का प्रयास करेंगे।

**(C)** चुपचाप देखते रहेंगे।

**(D)** जिसे आप अधिक पसंद करते हैं उसका पक्ष लेंगे।

**127.** एक शिक्षक को क्या करना चाहिए जब कोई अभिभावक उनकी शिक्षण विधियों पर सवाल उठाए?

**(A)** अभिभावक की चिंताओं को अज्ञानी मानकर खारिज करना

**(B)** प्रशासन से अभिभावक की शिकायत करना

**(C)** विधियों को व्यावसायिक रूप से समझाना और संवाद के लिए आमंत्रित करना

**(D)** अभिभावक को खुश करने के लिए तुरंत विधियाँ बदलना

**128.** निम्नलिखित में से शिक्षार्थी की कौनसी विशेषता उसके सीखने की दक्षता को प्रभावित नहीं करती है?

**(A)** मानसिक परिपक्वता

**(B)** रुचि

**(C)** दृष्टिकोण

**(D)** लिंग

**129.** एक शिक्षक को किसी विषय में छात्र के कमजोर प्रदर्शन को संबोधित करने के लिए CCE का उपयोग कैसे करना चाहिए?

**(A)** अंतिम परीक्षा तक हस्तक्षेप की प्रतीक्षा करना

**(B)** पूरे सत्र में नियमित प्रतिक्रिया और सुधारात्मक सहायता प्रदान करना

**(C)** इसे नजरअंदाज करना जब तक यह कक्षा औसत को प्रभावित न करे

**(D)** सुधार के लिए छात्र को दंडित करना

**130.** एक शिक्षक के व्याख्यान में बेहतर सम्प्रेषण होगा यदि वह –

**(A)** तैयार नोट्स से पढ़ाता है।

**(B)** नोट्स को पहले से अच्छी तरह से तैयार करता है और उन्हें एक गाइड के रूप में प्रयोग करता है।

**(C)** तात्कालिक वार्ता करता है।

**(D)** उदाहरण देकर विषयवस्तु को स्पष्ट करता है।

**131.** प्रौद्योगिकी–संचालित कक्षा में शिक्षक की योग्यता का सबसे उन्नत संकेतक क्या है?

**(A)** पारंपरिक शिक्षण विधियों पर निर्भर रहना

**(B)** अधिगम को बढ़ाने के लिए डिजिटल उपकरणों का सहज एकीकरण करना

**(C)** प्रौद्योगिकी का उपयोग प्रशासनिक कार्यों के लिए करना

**(D)** संभावित विकर्षणों के कारण प्रौद्योगिकी से बचना

**132.** समूह मनोबल के लिए सर्वाधिक आवश्यक विशेषता है –

**(A)** स्पष्ट उद्देश्य

**(B)** समूह एकता

**(C)** समूह के सदस्यों की सम्पन्नता

**(D)** समूह प्रतिद्वंद्विता

**133.** शिक्षण व्यवसाय है –

**(A)** रुचिकर किन्तु कठोर

**(B)** सरल किन्तु अरोचकतापूर्ण

**(C)** रुचिकर एवं उत्तरदायित्वपूर्ण

**(D)** अपेक्षाकृत कम उत्तरदायित्वपूर्ण

**134.** कक्षा में प्रभावी संचार के लिए प्रमुख बाधा क्या है?

**(A)** विभिन्न सहायक उपकरणों का उपयोग करना

**(B)** बिना जाँच के यह मान लेना की छात्र समझ गए

**(C)** छात्रों के प्रश्नों को प्रोत्साहित करना

**(D)** विस्तृत व्याख्या प्रदान करना

135. विद्यार्थी कक्षा में ध्यान नहीं दे रहें है, तो आप –

(A) समस्या की उपेक्षा करेंगे।
(B) विद्यार्थियों को दण्ड देंगे।
(C) विद्यार्थियों को ध्यान देने के लिए कहेंगे।
(D) कारण समझने का प्रयास करेंगे।

136. शिक्षा में व्यापक एवं सतत मूल्यांकन (CCE) का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?

(A) अंतिम परीक्षा के अंकों के आधार पर छात्रों को रैंक करना
(B) केवल शैक्षणिक प्रदर्शन पर ध्यान देना
(C) पूरे वर्ष में छात्रों के समग्र विकास का मूल्यांकन करना
(D) मूल्यांकन की आवृत्ति को कम करना

137. विविधतापूर्ण अधिगम क्षमताओं वाली कक्षा में शिक्षक को कौनसी सबसे प्रभावी योग्यता दिखानी चाहिए?

(A) एकरूपता के लिए एक ही शिक्षण विधि का उपयोग करना
(B) व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षण में भिन्नता लाना
(C) केवल औसत शिक्षार्थियों पर ध्यान केंद्रित करके गति बनाए रखना
(D) जिम्मेदारी सौंपने के लिए समूह परियोजनाएं देना

138. विद्यार्थियों को स्कूल में खेलों में भाग क्यों लेना चाहियें?

(A) यह उन्हें शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है।
(B) यह शिक्षकों के काम को आसान बनाता है।
(C) यह टाइम पास करने में सहायक है।
(D) यह सहयोग और अनुशासन विकसित करता है।

139. विद्यार्थियों में सहयोग की भावना के विकास के लिए आप सर्वोत्तम क्या कर सकते हैं?

(A) सहयोग सम्बन्धी अच्छी अधिगम सामग्री प्रदान करना
(B) सहयोग सम्बन्धी तस्वीर एवं सिनेमा दिखाना
(C) सहयोग पर एक कक्षा आयोजित करना
(D) सामूहिक कार्य देना

140. एक शिक्षक में नैतिक चरित्र क्यों होना चाहिए?

(A) सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए
(B) सहयोगी कार्य हेतु
(C) विद्यार्थियों पर प्रभाव डालने हेतु
(D) विद्यार्थियों के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करने हेतु

141. आपकी कक्षा में एक छात्र किसी अन्य की संस्कृति के बारे में असंवेदनशील टिप्पणी करता है। एक शिक्षक के रूप में आपको सर्वोत्तम क्या करना चाहिए?

(A) स्थिति को बढ़ने से बचाने के लिए इसे नजरअंदाज करना
(B) माहौल हल्का करने के लिए हंस देना
(C) उदाहरण स्थापित करने के लिए छात्र को कठोर दंड देना
(D) शांति से संबोधित करना, सम्मान के बारे में शिक्षित करना और व्यवहार को सुधारना

142. शिक्षक को उस छात्र के प्रति क्या करना चाहिए जो सहपाठियों द्वारा बहिष्कृत महसूस करता है?

(A) समूह गतिविधियों और समानुभूति को प्रोत्साहित करना
(B) इसे बड़े होने की सामान्य प्रक्रिया मानकर नजरअंदाज करना
(C) बहिष्कार करने वाले छात्रों को तुरंत दंडित करना
(D) छात्र को कठोर बनने के लिए कहना

**143.** किसी भी विद्यालय में ''अभिभावक शिक्षक संघ'' (पी.टी.ए.) का मुख्य उद्देश्य है –

**(A)** विद्यार्थियों की जाँच और नियंत्रण।

**(B)** उपचारात्मक शिक्षण के लिए अतिरिक्त धन एकत्र करना।

**(C)** स्कूल के सामने आने वाली समस्याओं को साझा करना।

**(D)** विद्यार्थियों की उपलब्धि में सुधार के लिए।

**144.** एक अध्यापक के लिए सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण है –

**(A)** विद्यार्थियों को गृहकार्य के लिए तैयार करना।

**(B)** शिक्षण व सीखने की प्रक्रिया को आनन्ददायक बनाना।

**(C)** कक्षा में अनुशासन बनाये रखना।

**(D)** प्रश्न पत्र तैयार करना।

**145.** एक शिक्षक को पता चलता है कि उसका सहयोगी कक्षा में अव्यवसायिक व्यवहार कर रहा है। व्यावसायिक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए उसे क्या करना चाहिए?

**(A)** सहयोगी से सार्वजनिक रूप से टकराव करना

**(B)** बिना चर्चा के प्रिंसिपल को सहकर्मी की रिपोर्ट करना

**(C)** निजी तौर पर और सम्मानपूर्वक रचनात्मक प्रतिक्रिया देना

**(D)** इसे नजरअंदाज करना क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है,

**146.** विद्यार्थियों के काम का सतत मूल्यांकन होना चाहिए क्योंकि –

**(A)** वे अध्यापकों के नियंत्रण में रहेंगे। **(B)** समय का सदुपयोग होगा।

**(C)** विद्यार्थी निरन्तर पढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। **(D)** विद्यार्थियों को परीक्षा का अनुभव होगा।

**147.** शिक्षण संस्था में कमजोर नेतृत्व का सकारात्मक परिणाम क्या होगा?

**(A)** संगठन का टूटना **(B)** संगठन में विद्रोह

**(C)** संगठन में नई शक्ति का उदय **(D)** संगठन में अराजकता

**148.** विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि के छात्रों के बीच संघर्ष को शिक्षक को कैसे संभालना चाहिए?

**(A)** इसे व्यक्तिगत मुद्दा मानकर अपनी भूमिका से बाहर समझना

**(B)** निष्पक्षता के साथ मध्यस्थता करना और आपसी समझ को प्रोत्साहित करना

**(C)** संपन्न पृष्ठभूमि के छात्र का पक्ष लेना

**(D)** बिना जांच के दोनों छात्रों को समान रूप से दंडित करना

**149.** निम्नलिखित में से किसे अभिप्रेरित शिक्षण का संकेत माना जाता है?

**(A)** विद्यार्थी अध्यापक से प्रश्न पूछते हैं। **(B)** विद्यार्थियों की उपस्थिति अधिकतम हो।

**(C)** कक्षा में पूर्ण शांति हो। **(D)** विद्यार्थी नोट्स ले रहे हों।

**150.** आपके विचार में वह शिक्षक महान है –

**(A)** जो लच्छेदार वाक्य शैली में समझाता है। **(B)** जिसकी कथनी और करनी में समानता है।

**(C)** जो विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करता है। **(D)** जो लोगों के साथ मिलजुल कर रहता है।

## Part-D

## LANGUAGE PROFICIENCY : ENGLISH

**Read the following passage and answer the questions 151, 152 and 153.**

It was one of the most famous wars in history, the Trojan War, that lasted for ten years. According to Greek myth, the strife between the Trojans and the Greeks started at the wedding of Peleus, King of Thessaly, and Thetis, a sea nymph. All of the gods and goddesses had been invited to the wedding celebration in Troy except Eris, the goddess of discord. She had been ignored from the guest list because her presence always gave rise to conflict. To take revenge, Eris decided to incite a clash. She threw a golden apple marked "for the most beautiful" into the middle of the banquet hall. All of the goddesses desired to possess it, which gave rise to a deadlock. Later, only three contestants – Hera, Athena and Aphrodite were left. The responsibility to settle the controversy was given to Paris, Son of King Priam of Troy. The three goddesses tried to bribe Paris. Hera promised to give vast kingdoms, Athena offered him victory and fame in war. Aphrodite offered him Helen, daughter of Zeus and the most beautiful mortal on earth. She was declared the winner of the golden apple. Although Paris learned that Helen was married, he nevertheless accepted the hospitality of her husband, King Menelaus of Sparta. Therefore, Menelaus was outraged after Paris departed, taking Helen and the King's wealth back to Troy.

151. Eris was known for..............both mortals and immortals.
   (A) scheming against
   (B) creating conflict amongst
   (C) feeling hostile toward
   (D) ignoring

152. ..............was annoyed for several reasons, gathered his forces and set sail for Troy, to initiate war to repossess Helen.
   (A) Zeus (B) Paris (C) Priam (D) Menelaus

153. Athena...............Hera, promising Paris victory and fame in war.
   (A) disregarded the statement of
   (B) defeated
   (C) agreed with
   (D) restated the statement of

154. Synonym of 'Vassalage' is -
   (A) Colonial (B) Bondage (C) Freedom (D) Post – colonial

155. Fill in the blank –
   He gave us................good breakfast.
   (A) the (B) an (C) any (D) a

156. Choose the correct antonym for the word: '<u>Broad</u>'.
   (A) Wide (B) Shallow (C) Narrow (D) Deep

157. Which option completes the following sentence correctly?
   The tree is so tall..............
   (A) that no one can climb it.
   (B) that one has to climb it
   (C) and one should climb it.
   (D) but one cannot climb it

158. Identify the underlined word –
   There are <u>fifty</u> members in the party.
   (A) Pronoun (B) Adverb (C) Adjective (D) Noun

**159.** Which of the option is correct indirect speech of the following?

She said, 'You can sit here, Tara.'

(A) She said that you could sit there Tara. (B) She told Tara that she could sit there.

(C) She told Tara to sit here. (D) She call Tara and they could sit.

**160.** Which of the following Tag Question is correct for the sentence?

It was a lovely movie, ......................

(A) was it? (B) is it? (C) wasn't it? (D) does it?

**161.** He wondered where Anne was. He had not seen her..............their quarrel.

(A) for (B) during (C) by (D) since

**162.** Choose the correct connective for the following –

He is dull..........................people like him.

(A) yet (B) or (C) so (D) and

**163.** Identify the 'Tense' of the following sentence –

"We have been living here since 1952."

(A) Present Perfect Continuous Tense (B) Past Continuous Tense

(C) Present Continuous Tense (D) Past Perfect Continuous Tense

**164.** Fill up with appropriate Tense –

Who...............her?

(A) did not know (B) is not known

(C) do not know (D) does not know

**165.** Find the word with correct spelling -

(A) Lieutenant (B) Leftenent (C) Liftenant (D) Lieutenent

**166.** To call spade a spade means –

(A) To begin to quarrel (B) To challenge others

(C) To confuse people (D) To speak in plain terms

**167.** Dramatic performance with dumb show is -

(A) Monologue (B) Pantomime (C) Mime (D) Mimicry

**168.** Which of the following is the correct form of Indirect Speech?

He lives...............Tilak Nagar................ New Delhi.

(A) in, near (B) at, in (C) in, at (D) near, in

**169.** Which of the following sentences is correct?

(A) They decided to talk it over at dinner.

(B) He picked up the books and put it on the table.

(C) He will not escape punishment unless he does not speak the truth.

(D) Milk is the most perfect food in the world.

**170.** Which of the following is not a simple sentence?

(A) A girl stole my umbrella. (B) He is happy because he passed the exam.

(C) He is suffering from Covid 19. (D) She is a boxing champion.

## भाग–द
## भाषा योग्यता : हिन्दी

171. निम्न में से कौनसा द्वन्द्व समास का उदाहरण नहीं है?
(A) घर–आँगन (B) पाप–पुण्य (C) लाभ–अलाभ (D) नेक–नाम

172. जिन शब्दों के खंड सार्थक न हो उन्हें क्या कहा जाता है?
(A) अखंड (B) विखंड (C) रूढ़ (D) यौगिक

173. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?
(A) मधुप, भ्रमर, मिलिंद (B) भुजंग, सर्प, उरग
(C) मीन, मत्स्य, वनिता (D) कपि, मर्कट, बंदर

174. निम्न में से शुद्ध वाक्य कौनसा है?
(A) कई रेलों के कर्मचारी की गिरफ्तदारी हुई। (B) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(C) रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई। (D) रेलवे के कर्मचारियों की कई गिरफ्तारी हुई।

175. 'बात का धनी' मुहावरे का सही अर्थ कौनसा है?
(A) बलशाली (B) वायदे का पक्का (C) पैसेवाला (D) धनवान

176. इनमें से मिश्र वाक्य का उदाहरण कौनसा है?
(A) अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल नहीं हो सका।
(B) जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं।
(C) सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।
(D) गरीब को लूटने के अतिरिक्त उसने उसकी हत्या कर दी।

177. 'तिमिर' का विलोम शब्द कौनसा है?
(A) आकाश (B) प्रकाश (C) रात्रि (D) सवेरा

178. 'दाई से पेट छिपाना' का अर्थ है –
(A) पश्चाताप करना। (B) बेकार की बकवाद होना।
(C) अत्यंत आसान समझना। (D) जानने वाले से कोई बात छिपाना।

179. 'आँख के अंधे गाँठ के पूरे' कहावत का सही अर्थ कौनसा है?
(A) मूर्ख धनवान (B) तेजस्वी (C) व्यापारी (D) होनहार

180. इनमें से बहुव्रीहि समास का उदाहरण नहीं है –
(A) चतुर्भुज (B) धर्माधर्म (C) कनफटा (D) नीलकंठ

181. इनमें से किस विकल्प के दोनों शब्द शुद्ध हैं?
(A) अत्योक्ति, अधोगति (B) नारी, शताब्दि
(C) साम्यता, सौजन्य (D) प्रेयसी, श्रीमती

182. जिस स्त्री का पति जीवित हो, उसके लिए एक उपयुक्त शब्द है –
(A) भाग्यवान् (B) सुशील (C) सधवा (D) गौरवान्वित

183. 'यथार्थ' में कौनसा समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय (C) द्विगु (D) तत्पुरुष

184. निम्न में से शुद्ध शब्द कौनसा है?
(A) मैथली शरण (B) मैथिली शरण (C) मैथीली शरण (D) मैथिलिशरण

**185.** 'रक्तिमा' में कौनसा प्रत्यय है?

(A) इमा (B) उक्ति (C) मा (D) तिमा

**186.** 'उपवन' में कौनसा उपसर्ग है?

(A) उन (B) उ (C) उप (D) वन

**187.** इनमें से 'अधि' उपसर्ग से कौनसा शब्द नहीं बना है?

(A) अध्यादेश (B) अधिकांश (C) अधिकृत (D) अध्यक्ष

**188.** इनमें से किस शब्द में विदेशी (उर्दू) प्रत्यय है?

(A) खटोला (B) सौदागर (C) छात्रा (D) शेरनी

**189.** समास की दृष्टि से कौनसा विकल्प असंगत है?

(A) देशभक्ति–संप्रदान तत्पुरुष (B) विद्याभ्यास–संबंध तत्पुरुष

(C) कलाप्रवीण–अधिकरण तत्पुरुष (D) पदच्युत–करण तत्पुरुष

**190.** 'निर्झर–निर्जर' शब्द–युग्म का सही अर्थ–युग्म है –

(A) देवता–नदी (B) झरना–देवता (C) नदी–कमजोर (D) बादल–झरना

**191.** 'जिसे लाँघना कठिन हो' के लिए एक शब्द है –

(A) अगम्य (B) अलंघ्य (C) दुर्लंघ्य (D) दुर्गम

**192.** 'अन्यान्य' का सही संधि–विच्छेद कौनसा है?

(A) अन्न+न्याय (B) अन्य+अन्य (C) अन्न+अन्न (D) अन्य+न्याय

**193.** इनमें से किस शब्द में 'अनु' उपसर्ग नहीं है?

(A) अनुर्वर (B) अनुराग (C) अन्वेषण (D) अनुज

**194.** इनमें से कौनसा शब्द अशुद्ध है?

(A) ऐक्यता (B) तात्कालिक (C) नैपुण्य (D) निरपराध

**195.** 'अकारण झगड़ा करना' के लिए उपयुक्त कहावत है –

(A) सूखत धान पड़ा जिमि पानी। (B) सूत के बिनौले हो गए।

(C) सूत न कपास, जुलाहे से लट्ठम लट्ठा। (D) सूझै नहीं और गुलेल का शौक।

**196.** 'कुल–कूल' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?

(A) ठंडा–शीतल (B) सारा–पूरा (C) संसार–समस्त (D) वंश–किनारा

**197.** 'विटप' का पर्यायवाची शब्द कौनसा है?

(A) घोंसला (B) पेड़ (C) नाटक (D) विदूषक

**198.** 'संकल्प' शब्द में कौनसी संधि है?

(A) यण संधि (B) व्यंजन संधि (C) विसर्ग संधि (D) गुण संधि

**199.** 'दूसरे की वस्तु पर घमण्ड करना' के लिए उपयुक्त कहावत है –

(A) बजाज की गठरी पर झींगुर राजा। (B) बहुत सोना, दरिद्र की निशानी।

(C) बड़े मियाँ तो बड़े मियाँ, छोटे मियाँ सुभान अल्ला। (D) बन आए तो फकीरी भी भली।

**200.** अर्थ के अनुसार वाक्य के कितने भेद होते हैं?

(A) पाँच (B) तीन (C) सात (D) आठ